नगर पालिका निगम
रतलाम (म.प्र.)
आवक क्रमांक 2652
दिनांक 18.12.2020

# कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम म.प्र.

दिनांक 11-12-2020

1014

## बैठक कार्यवृत दिनांक 07-12-2020

दिनांक 07-12-2020 को सायं 5.00 बजे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

1- श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े, उपायुक्त, नगर निगम-रतलाम,
2- श्रीमती ज्योति सुनारिया, सहायक आयुक्त, ,,
3- श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, ,,
4- श्री जी.के. जायसवाल, प्र0कार्यपालन यंत्री,
5- श्री एम.के. जैन, प्र0कार्यपालन यंत्री, विकास शाखा, ,,
6- श्री एस.पी. आचार्य, प्र0सहायक यंत्री, जलप्रदाय, वि0शा0, ,
7- श्री श्यामकुमार सोनी, प्र0सहायक यंत्री, लो.नि.वि.,
8- श्री अनवर कुरैशी, प्र0सहायक यंत्री, लो.नि.वि.,
9- श्री अरविंद दशोत्तर प्र0सहायक यंत्री-उद्यान,
10- श्री ए.पी.सिंह प्र0स्वच्छता अधिकारी,
11- श्री राजेश पाटीदार, उप यंत्री, लो.नि.वि.,
12- श्री सुहास पंडित, उप यंत्री जलप्रदाय,
13- श्री मैयालाल चौधरी, उपयंत्री-जलप्रदाय,
14- श्री राजेन्द्र मिश्रा, उप यंत्री-लोनिवि.,
15- श्री विकास सिंह मरकाम, उप यंत्री-लोनिवि.,
16- सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उप यंत्री-लो.नि.वि.,
17- श्री रामचन्द्र शर्मा-प्र0कार्यालय अधीक्षक,
18- श्री शैलेन्द्र गोठवाल-सहायक वर्ग-3, विकास शाखा,
19- श्री रतनसिंह चौहान, समयपाल, लोनिवि.,
20- श्री वासुदेव बैरागी, समयपाल, स्टोर/एसबीएम,
21- श्री कपिल मारोठिया, सीएमएम, एनयुएलएम,
22- श्री नितिन तिवारी, सीएमएम, एनयुएलएम,
23- श्री प्रमोद तिवारी, स्टेनोग्राफर,
24- श्री हेमन्त बन्दोड़िया, स्थायीकर्मी,

बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात् निम्नानुसार निर्देश दिये गए :-

1- SBM हेतु नियुक्त सभी नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी प्रातः 7.00 बजे से प्रतिदिन भ्रमण करे व सार्वजनिक स्थलों पर अव्यवस्थित रूप से रखी गई निर्माण साम्रगी को जब्त

AE
SBM

16/12

99-3

करने व अर्थदण्ड की वसुली की जाए। (निर्माण व भवन साम्रगी संबंधी) निगम अधिनियम में क्लॉज देख लें कि अधिनियम की किस धारा में कितना–कितना अर्थदण्ड लगाया जाता है।

2– IHHL के आधार सीड़िग का कार्य पूरा किया जाए कि इस सप्ताह 80 प्रतिशत को क्रास कर लें।

3– आधार सीडिंग हेतु 2 दिन के लिए कम्प्युटर कार्य हेतु प्रायवेट कम्प्युटर आपरेटर से कार्य कराए जाने के लिए श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े–उपायुक्त द्वारा मांग की जाने पर निर्देश दिये गये कि इस हेतु नियमानुसार जो भी स्वीकृति चाहिए वह प्राप्त कर ली जावे।

4– सीटीपीटी का निर्धारण अन्तर्गत मौके पर देख लें व रिपेयरिंग, पुताई, नल की टोटी यदि टूटी हुई है तो उसे ठीक करवाने, वहां की वायरिंग निकली हो तो उसे भी देख लें व 3 दिन में कंपलीट किया जावे एवं यूरिनल की व्यवस्था को भी देखा जाए ।

दिनांक 08–12–2020 को प्रातः 7.00 बजे से लोनिवि., जल प्रदाय, प्रकाश व स्वच्छता विभाग का पूरा अमला स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य नहीं हो जाता, तब तक तत्परता से लगे रहें । एमआईएस में युरिनल संबंधी जानकारी अपलोड हो । इसका अच्छा तरीका यही है कि हम प्रति दिन मैदान में उतर जाएं तो परिणाम आ जाएगा ।

5– सफाई में जो दिक्कत आ रही है तो इसमें जो भी कर्मचारी हैं उन्हें सफाई के कार्य हेतु सक्रिय रखें ।

6– ओडीएफ की टीम कभी भी बिना बताये विजिट करेगी । हम इतनी तैयारी कर लें कि कोई कमी ना निकले एवं प्रति दिन प्रातः 7.00 बजे से इस कार्य हेतु फील्ड में जावें।

7– पुलियाओं के वहां पर कचरा फेंका जाता है, 7 फीट की वायरमेश की जाली पुलिया के दोनों ओर लगाने का कार्य करवाया जाए व इसके अन्तर्गत लोहे की पुलिया, पॉवर हाउस रोड़, मदीना मस्जिद हाट रोड़ की पुलिया, जावरा रोड़ अंडर ब्रिज व महू रोड़ बस स्टैंड के निकट की दो पुलिया के यहां पर वायरमेश जाली लगाने का कार्य 3 दिन में करवाया जाए ।

8– सभी सार्वजनिक स्थानों पर जिस–जिसके क्षेत्र में दीवारें हैं उन पर चित्रकारी/पेंटिंग करवायी जाए इस हेतु सभी उपयंत्री अपने–अपने क्षेत्रों में कार्य करवायेंगे ।

9– सीटीपीटी में सभी जगह 20–20 लिखा हुआ है अपने क्षेत्र में देख लें व इसे हटवा (डिलिट) कर वहां "स्वच्छ सर्वेक्षण 2021" लिखवाया जावे ।

10– चित्रकारी/पेंटिंग हेतु नए कलेक्टोरेट की दीवार, नगर निगम से कॉलेज रोड़, सैलाना रोड़ ब्रिज की दोनों दीवार, महू रोड़ ब्रिज की दीवार, एस.पी. ऑफिस, पुलिस थाना, गर्ल्स कॉलेज, जेल रोड़ व अस्पताल आदि की दीवार पर पेंटिंग का कार्य कराया जाए । श्री



Scanned with CamScanner

श्याम कुमार सोनी प्र0सहायक यंत्री व श्री अनवर कुरैशी प्र0 सहायक यंत्री तय कर लें व कार्य शुरू करवा दें ।

11— उपायुक्त श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े द्वारा अवगत कराया गया कि महू रोड़ का डिवाईडर खराब हो रहा है अतः इसे देखा जाए, साथ ही सैलाना रोड़ डिवाईडर की पुताई करवा ली जाए । उक्तानुसार कार्य किये जावें ।

12— सैलाना रोड़ ब्रिज के टॉप सरफेस पर अलग–अलग कलर के कलरफुल झंडे लगवाये जाएं ।

13— एलईडी का कार्य करवाना है, साथ ही सेन्ट्रल लाईट के जो पोल पहले से खराब हैं उसका भी कलर किया जाए, सिल्वर कलर इस हेतु बेस्ट है । सैलाना रोड़ ओवरब्रिज के पोल व महू रोड़ सेन्ट्रल लाईट के पोल के उक्त कार्य हेतु संबंधित एजेन्सी को निर्देश दें । यह कार्य होने पर शहरवासियों को अच्छा लगेगा, समयावधि में यह कार्य किया जाए ।

14— स्पाट फाईन किया जाए, इस हेतु रसीद कट्टे इश्यु करवा लिये जाएं व स्पाट फाईल वसूल किया जाए । इस हेतु लिखित में आदेश जारी कर स्पाट फाईन के रसीद कट्टे उपलब्ध करवा दिये जाएं । स्पाट फाईन करने के कार्य में तेजी लायी जाकर इसमें प्रगति लायी जावे ।

15— टायलेट में दिव्यांग की लेट्रीन शीट के यहां पर हेंडल लगवाया जाए व विगत वर्ष बाल्टी, कांच, कंघा व नैपकीन आदि उपलब्ध करवाये गए थे, इनकी पूर्वानुसार सीटीपीटी के यहां पर व्यवस्था समय पर करवायी जाना सुनिश्चित किया जाए ।

16— खुले में शौच को प्रतिबंधित किया जाए व इस हेतु 5 लोगों की टीम बनायी जाए जिनके पास बाईक हो । खुले में जो शौच करे पूरे शहर में आईडेन्टीफाईड करें, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें ।

17— किसी भी तरह की फाईल में कोई पेंडेंसी न हो व कार्य को समय पर किया जावे ।

18— जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउंड पर प्रोसेसिंग प्लांट डालकर 100 प्रतिशत प्रोसेसिंग का कार्य किये जाने की कार्यवाही की जावे ।

19— 1–2 दिन में जुलवानिया का तौल कांटा हर हालत में चालू हो जाए, यह सुनिश्चित किया जावे ।

20— कचरा संग्रहण वाहन के हेल्पर को निर्देशित करें कि घर–घर से सूखा व गीला कचरा अलग–अलग ही लिया जाए व डस्ट बिन में मिक्स कचरा होने पर नहीं लिया जावे ।



Scanned with CamScanner

21— कचरा संग्रहण वाहन के किसी ड्रायवर, हेल्पर द्वारा मिक्स कचरा (सूखा/गीला) लिया तो उस पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी व स्वच्छता निरीक्षक व स्वच्छता अधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जावेगा ।

22— हर घर में सूखा व गीला कचरा का पृथक—पृथक डस्ट बिन रखा जावे । सबसे पहले अपने घरों में यह कार्य करें, पश्चात् पड़ोसियों को इस हेतु प्रेरित करें । ''स्वच्छ सर्वेक्षण 2021'' हेतु जनता को जागरूक करना होगा ।

23— इंदौर शहर में इतनी जागरूकता आ गई है कि वहां पर बच्चे अपने पेरेन्टस् को सड़क पर कागज, पॉलीथिन फेंकने नहीं देते हैं, वहां इतनी जागरूकता आ गई है ।

24— जिस स्थानों पर चित्रकारी/पेंटिंग आदि का कार्य कर दीवारों को सजाया गया है, उसे अपलोड किये जाने का कार्य किया जावे ।

25— ''स्वच्छता सर्वेक्षण—2021'' हेतु नगर निगम के सभी स्टाफ को इस हेतु ट्रेन्ड करें व मीडिया को एक अनिवार्य अंग मानकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन आदि को शामिल करें । प्रोत्साहन व समझाईश ज्यादा असरकाक होती है । 100 प्रतिशत कचरा लेना है घरों से व 80 प्रतिशत घरों से सेक्रीक्रेटेड कचरा कैसे संग्रहण करेंगे इस हेतु कार्य किया जावे ।

26— नगर के सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डालना प्रतिबंधित किया जावे।

27— श्री नवीन बैरागी कंप्युटर आपरेटर द्वारा इसे नगर निगम—रतलाम की वेबसाईट rmcratlam.in पर अपलोड किया जावे ।

उक्तानुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित किया जावे ।

सही/
(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगरपालिक निगम,रतलाम

पृ0क्र0/ 1014/ /नि.स./2020, रतलाम, दिनांक 11 —12—2020,

**प्रतिलिपि,**

1— कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगर पालिक निगम रतलाम की ओर अवलोकनार्थ प्रेषित।

2— समस्त विभाग प्रमुख, नगर पालिक निगम, रतलाम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

11/12/2020
आयुक्त
नगरपालिक निगम,रतलाम



Scanned with CamScanner